दिनांक 2 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लॉक डाउन की स्थिति में घरों पर ही रहने की अपील , निगम की टीम दुकानों पर लगातार रख रही है निगरानी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आवश्यक छुट प्राप्त दुकानों को छोड़कर सभी दुकान व बाजार को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि लोग एक दूसरे के संपर्क में न आए और कोरोना वायरस का संक्रमण न फैले। इसी परिपेक्ष में नगर निगम की टीम ने मॉडल टाउन, जुनवानी रोड, खुर्सीपार, पाॅवर हाउस, सकुर्लर मार्केट, लिंक रोड, छावनी एरिया, वैशालीनगर व हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र , नेहरू नगर, आकाशगंगा, गोल मार्केट के अंतर्गत आने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरिक्षण किए जिसमें निगम क्षेत्र अंतर्गत दुकाने बंद पाई गई , आवश्यक दुकानें ही खुली दिखी। निरिक्षण के दौरान कुछ आवश्यक सुविधाओं वाले दुकान पर हो रही भीड़ को समझाइश दी गई एवं दुकानदार को भी इस बाबत चेताया गया। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा पूरे देशभर में लाॅक डाउन घोषित किया गया है , जिसका सख्ती से पालन कराने पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। लाॅकडाउन का पालन कराने भिलाई निगम प्रशासन हर संभव कार्य कर रही है।

जनसम्पर्क अधिकारी